प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

.....

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण तथा रसायन व उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में कल देर सायं चम्बा में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, सांसद हर्ष महाजन, डॉ. राजीव भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि वर्ष 2018 से आकांक्षी जिला कार्यक्रम के शुरू होने के बाद जिला में विकासात्मक गतिविधियों में तेजी आई है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने में सभी जनप्रतिनिधियों की भूमिका सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए जिला प्रशासन को विशेष कार्य योजना तैयार कर राज्य सरकार के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्रालय को प्रेषित करने को कहा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला में विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए केंद्रीय सहायता कि आवश्यकता रहेगी।

...

जनजातीय जिला किन्नौर के पूह में आज से सामुदायिक रेडियो स्टेशन शुरू हो गया है। भारतीय सेना की ओर से प्रदेश में पहली बार स्थापित रेडियो स्टेशन का उद्घाटन सूर्या कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता ने किया।

.....

राज्य सरकार किन्नौर से शिपकी–ला के रास्ते से होकर कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने का मामला केन्द्र सरकार से उठाएंगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल शिमला में सेना के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि हिन्दू, जैन और बौद्ध धर्म के लोगों के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा का धार्मिक महत्त्व है और हर वर्ष हजारों तीर्थ यात्री ये यात्रा करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार केन्द्र से सिक्किम, लद्दाख और अरूणाचल प्रदेश के तर्ज पर हिमाचल स्काउट बटालियन की स्थापना करने का आग्रह भी करेगी।

.....

प्रदेश सरकार ने राज्य में न्यूनतम बस किराया पांच से बढ़ाकर दस रुपये कर दिया है। दस रुपये न्यूनतम किराय पहले चार किलोमीटर तक लागू होगा। शनिवार को परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई। चार किलोमीटर से अधिक के सफर पर प्रति किलोमीटर किराया पूर्व की तरह 2 रुपये 19 पैसे के आधार पर लिया जाएगा।

.....

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वित्त विभाग को 30 अप्रैल से पहले लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और अन्य विभागों के ठेकेदारों के बकाया भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में वित्त विभाग के साथ बैठक में उन्होंने हिमकेयर योजना के अंतर्गत आई.जी.एम.सी. शिमला, पी.जी.आई. चण्डीगढ़, टांडा मैडिकल कॉलेज के लंबित बिलों के भी जल्द भुगतान के निर्देश दिए। उन्होंने सहारा योजना के लाभार्थियों की किस्तें जारी करने को भी कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा समय–समय पर उठाए जा रहे प्रभावी कदमों से प्रदेश की वित्तीय स्थिति मजबूत हो रही है।

.....

प्रदेश सरकार ने बीपीएल परिवारों की पुरानी सूची ही लागू रखने का निर्णय लिया है। विभागीय आदेशों में कहा गया है कि जब तक बीपीएल की नई सूची बनकर तैयार नहीं होती तब तक पुरानी सूची को वैध माना जाए। बीपीएल सूची को अंतिम रूप देने की अवधि इस वर्ष अक्तूबर तक तय की गई है। इस बदलाव के बाद अब संबंधित खंड विकास अधिकारी बीपीएल परिवारों को पुराने प्रमाण पत्र

जारी कर सकते हैं। गौरतलब है कि नई बीपीएल सूची के लिए आय सीमा 36 हजार से बढ़कार 50 हजार की गई है।

.....

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज आसमान पर बादल छाए हुए हैं। जनजातीय जिला किन्नौर में बीती रात बारिश हुई। चंबा जिला में भी आज सुबह वर्षा का समाचार है। लाहौल–स्पीति के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कल ताजा बर्फबारी हुई है। मौसम के इस मिजाज से पहाड़ों में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज प्रदेश के अनेक स्थानों पर तूफान व बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। राज्य में कल से मौसम साफ बना रहेगा।

.......